प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अफ्रीकी यात्रा के एजेंडे

drishtiias.com/hindi/printpdf/packed-agenda-for-pm-on-africa-trip

चर्चा में क्यों?

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेश दौरे के कार्यक्रम के दौरान 23 से 27 जुलाई तक यूगांडा, रवांडा और दक्षिण अफ्रीका की यात्रा करेंगे। इस दौरान भारत, रवांडा के साथ रक्षा ढाँचे के समझौते पर हस्ताक्षर करेगा और साथ ही प्रधानमंत्री दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

प्रमुख बिंदु:

- रक्षा समझौते से दोनों देशों के बीच संबंध प्रगाढ़ होने की उम्मीद है, उल्लेखनीय है कि जनवरी 2017 में ये रणनीतिक साझेदार बन गए थे। अन्य मुद्दों में डेयरी सहयोग, चमड़े का निर्यात, कृषि और सांस्कृतिक संबंधों जैसे कई समझौतों पर दोनों के साथ आने की संभावना है।
- श्री मोदी द्वारा रुवरू के एक मॉडल गाँव को उपहार में 200 गायों को देने की उम्मीद है। वे किगाली में नरसंहार स्मारक केंद्र का दौरा भी करेंगे, जहाँ वे 1994 की तबाही में हुतु-तुत्सी संघर्ष में मारे गए लगभग 10 लाख रवांडा के नागरिकों को याद करेंगे।
- उल्लेखनीय है कि रवांडा के साथ होने वाला यह समझौता एक व्यापक रक्षा ढाँचा समझौता होगा। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष होने के अलावा पिछले चार वर्षों में अफ्रीकी देशों में रणनीतिक संबंधों को बढ़ाने के हमारे प्रयासों के हिस्से के रूप में रवांडा हमारे लिये अफ्रीका का प्रवेश द्वार भी है।

बड़े प्रोत्साहन:

- हाल ही में भारत की यात्रा के दौरान, रवांडा सीनेट के अध्यक्ष बर्नार्ड मकुजा ने कहा कि श्री मोदी की यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के लिये "बड़े प्रोत्साहन" के रूप में कार्य करेगी और भारत से रवांडा के लिये क्रेडिट लाइन को बढ़ाने की उम्मीद की गई थी, जो पहले से ही विकास सहयोग हेतु 400 मिलियन डॉलर तक पहुँच चुकी है।
- महत्त्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने अभी तक किगाली दूतावास की स्थापना नहीं की है, जबकि जनवरी 2017 में राष्ट्रपति पॉल कागाम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच दिल्ली में बैठक के बाद संयुक्त वक्तव्य में ऐसा करने का विशिष्ट वादा किया गया था।
- 25 जुलाई को कंपाला की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कई समझौतों पर हस्ताक्षर करने और राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी के साथ बिजली परियोजनाओं के लिये $ 141 मिलियन डॉलर के अतिरिक्त क्रेडिट लाइन तथा कृषि उद्यमों में $ 64 मिलियन पर चर्चा किये जाने की उम्मीद है। श्री मोदी युगांडा संसद के सत्र को भी संबोधित करेंगे।
- दक्षिण अफ्रीका में प्रधानमंत्री मोदी दक्षिण अफ़्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा से मुलाकात करेंगे। उनके रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने की भी उम्मीद है।